प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा मे,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद– फतेहपुर, उत्तर प्रदेश।

पत्र संख्या :एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 19–20 / 4870 दिनांक : 04.09.2019

विषय : राज्य स्तरीय भ्रमण दल द्वारा अगस्त 2019 में किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने व कृत कार्यवाही से अवगत कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा दिनांक 19 से 21 अगस्त 2019 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया था।

भ्रमण दल द्वारा चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही सेवाओं में सुधार लाने हेतु सुझाव सम्बंधित इकाईयों के प्रभारियों तथा जनपदीय टीम को दिये गये। (विवरण संलग्न)

कृपया भ्रमण दल द्वारा इंगित कमियों को एवं दिये गये सुझावों के सम्बंध में कृत कार्यवाही से शीघ्र ही अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–भ्रमण आख्या।

भवदीया

(थमीम असरिया ए)
अपर मिशन निदेशक

पत्र संख्या :एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 19–20 / तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महानिदेशक प0क0, उ0प्र0, लखनऊ।
2. मण्डलायुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज ।
3. जिला अधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, फतेहपुर।
4. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रयागराज मण्डल।
5. समस्त महाप्रबन्धक / उप महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
6. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
7. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, फतेहपुर।

(डा0 वेदप्रकाश)
मण्डलीय नोडल –फतेहपुर
महाप्रबन्धक
आर0आई0 एवं बाल स्वास्थ्य

# अगस्त माह की राज्य स्तरीय सपोर्टिव सुपरविजन विजिट आख्या

## जनपद–फतेहपुर

**भ्रमण अवधि– दिनांक 19.08.2019 से 21.08.2019**

**राज्य स्तरीय टीम**

1. श्री सत्येन्द्र, परामर्शदाता, मातृत्व स्वास्थ्य।
2. श्री आर0बी0 छेत्री, मैनेजर, वित्त।
3. श्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम समन्वयक, परिवार नियोजन।

**जनपद स्तरीय टीम**

1. श्री हरित सक्सेना, मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, सिफ्सा।
2. श्री लालचन्द, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0।
3. श्री पुष्पेन्द्र कुशवाहा, जिला लेखा प्रबन्धक, एन0एच0एम0।

**पर्यवेक्षण के दौरान आच्छादित की गई इकाईयॉ**

1. जिला महिला चिकित्सालय, फतेहपुर।
2. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र – हुसैनगंज।
3. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र – बिठौरा।
4. नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– राधानगर व जयराम का पुरवा।

मिशन निदेशक, एन0एच0एम0 द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में राज्य स्तरीय टीम सदस्य सत्येन्द्र, परामर्शदाता–मातृ स्वास्थ्य, आर0बी0छेत्री, मैनेजर वित्त एवं अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम समन्वयक, परिवार नियोजन द्वारा दिनांक 19 से 21 अगस्त 2019 के मध्य जनपद फतेहपुर का भ्रमण कर एल–3, एल–2 व एल–1 स्तर की स्वास्थ्य इकाईयों तथा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का अवलोकन किया गया। भ्रमण के अन्तिम दिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में डिब्रीफिगं भी किया गया। भ्रमण रिपोर्ट निम्नानुसार है–

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र –हुसैनगंज,** **सम्पर्क अधिकारी–डा0 कमलेश, चिकित्सा अधीक्षक।**

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कृत सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| **चिकित्सालय परिसरः–** | | |
| परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था संतोषजनक नही पायी गयी। मई माह के विजिट में दिये गये सुझावों का भी अनुपालन नहीं हुआ था। | अधिकारियों द्वारा रोस्टर प्लान बनाकर नियमित मानीटरिंग करने का सुझाव दिया गया व भ्रमण में दिये गये सुझावों पर बिन्दुवार सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने का भी अनुरोध किया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| सिटीजन चार्टर डिस्प्ले था। 5'5 मैट्रिक्स डिस्प्ले नहीं था। ई0डी0एल0 का अपडेटेड प्रदर्शन नहीं किया गया था। हेल्पडेस्क की व्यवस्था नहीं थीं। | जनपद स्तर से 5'5 मैट्रिक्स प्राप्त करने तथा हेल्पडेस्क की व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| **आई0ई0सी0:–** | | |
| परिसर में भ्रमण के दौरान समस्त कार्यक्रमों की विभिन्न आई0ई0सी0 उपलब्ध थी। किन्तु पर्याप्त नहीं थी। | विभिन्न कार्यक्रमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 जनपद स्तर से प्राप्त कर यथास्थान डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| पंजीकरण कक्ष के बाहर गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क पंजीकरण का डिस्प्ले नहीं था। | गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क पंजीकरण का डिस्प्ले करने व गर्भवती महिलाओं से पंजीकरण शुल्क न लिये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| **पैथोलाजी–** | | |
| पैथोलाजिस्ट द्वारा 11.00 बजे के बाद जॉच हेतु नमूने नहीं लिये जा रहे हैं। | पैथोलाजिस्ट को नियमानुसार जॉच हेतु नमूने लिये जाने का सुझाव दिया गया, जिससे लाभार्थियों को असुविधा न हो। | पैथोलाजिस्ट |
| **बायोमेडिकल वेस्ट–** | | |
| चिकित्सालय में Bins उपलब्ध थीं। डस्ट बिन में अलग–अलग रंग की पॉलीथिन थी। बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट पर सम्बन्घित स्टाफ का ओरिएण्टेशन कराये जाने की जरुरत है। | बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट पर सम्बन्धित समस्त स्टाफ का अभिमुखीकरण कराये जाने व Colour Coded Bins की उपलब्धता सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| **मातृत्व स्वास्थ्य:–** | | |
| **लेबर रूम:–** लेबर रूम में सेवन (सात) ट्रे, एस0बी0ए0 प्रोटाकाल पोस्टर्स, हैण्डवाशिंग एरिया आदि पायी गयी, लेबलिंग नियमानुसार नहीं की गयी थी। डिजीटल क्लाक उपलब्ध नहीं था। रजिस्टर के अन्त में संक्षिप्त जानकारी प्रपत्र के बारे | एम0एन0एच0 टूल का अध्ययन करने व सेवन (सात) ट्रे, एस0बी0ए0 प्रोटाकाल पोस्टर्स आदि लगवाने का सुझाव दिया गया। प्रत्येक माह के अन्त में माह की रिपोर्ट का अंकन करने हेतु सुझाव दिया गया। संक्रमण से बचाव के | सम्बन्धित स्टाफ |

| | | |
|---|---|---|
| में उपस्थित स्टाफ नर्सों को भी उचित जानकारी नहीं थी। इस्तेमाल किये गये दस्ताने धोकर सुखाये जा रहे थे। | प्रोटोकाल्स फालो करने का सुझाव दिया गया। | |
| विगत मई माह के भ्रमण के दौरान दिये गये सुझावों पर अमल नहीं किया गया था। प्रसव कक्ष व आस–पास काफी गन्दगी व जलजमाव था। सफाईकर्मी द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। | भ्रमण के दौरान दिये गये सुझावों को अमल में लाते हुए सुधार करने व सफाईकर्मी की अतिरिक्त व्यवस्था किये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| भर्ती प्रसूताओं को भोजन नहीं प्रदान किया जा रहा है। डाईट रजिस्टर में मई माह के भ्रमण के दौरान दिये गये सुझावों पर अमल नहीं किया गया था। | डाईट नियमानुसार नियमित रुप से प्रदान करने का सुझाव दिया गया। डाईट रजिस्टर के खाली कालम को भरवाते हुए चिकित्सा अधीक्षक से सत्यापित कराया गया। | सम्बन्धित स्टाफ |
| **बाल स्वास्थ्यः–** | | |
| टीकाकरण कक्ष के बाहर प्रचार–प्रसार सम्बन्धी प्रदर्शन पर्याप्त नहीं था। | आई0ई0सी0 सामग्री को यथा स्थान पर प्रदर्शित किये जाने का सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ |
| **परिवार नियोजन–** | | |
| आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन का प्रिण्टेड रजिस्टर उपलब्ध था। परन्तु सही प्रकार से भरा नहीं जा रहा था। | आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन का रिकार्ड सही प्रकार से भरे जाने हेतु सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ |
| कण्डोम बाक्स नहीं लगा था। | औषधि वितरण कक्ष के बाहर कण्डोम बाक्स लगवाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन प्रसव रजिस्टर में 14 अंकित था, जबकि पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन रजिस्टर में 17 अंकित है व 17 की रिपोर्टिंग की गई है। फॉलोअप बहुत कम किये जा रहे हैं। लाभार्थियों का बैंक खाता संख्या व आधार नम्बर अंकित नहीं था। | रिपोर्ट प्रेषित करने से पूर्व सोर्स रजिस्टर की इण्ट्री का मिलान करने व समस्त आवश्यक सूचनायें भरने तथा फालोअप किये जाने का सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ |

संलग्न– चेकलिस्ट।



**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–बिठौरा** **सम्पर्क अधिकारी– डा0 विमल चौरसिया।**

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव/कृत सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| **चिकित्सालय परिसरः–** | | |
| पुरानी बिल्डिंग होने के कारण ओ0पी0डी0, वार्ड एवं लेवर रुम में अत्यन्त कम स्पेस है एवं ओ0पी0डी0 बरामदे में संचालित की जा रही है। निर्माण कार्य जारी है। | उपलब्ध संसाधनों में आवश्यक व्यवस्थायें करने की कोशिश प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा की जा रही है। ओ0पी0डी0 अलग–अलग स्थानों पर चिकित्साधिकारियों द्वारा कराने का सुझाव दिया गया, जिससे मरीज सहज महसूस कर सकें। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| इकाई की सफाई व्यवस्था संतोषजनक थी। पौधारोपण कराया गया है। | नियमित रुप से परिसर की साफ–सफाई को मेंण्टेन करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 5'5 मैट्रिक्स डिस्प्ले नहीं था। ई0डी0एल0 का प्रदर्शन किया गया था, किन्तु तिथि का अंकन नहीं था। | जनपद स्तर से 5'5 मैट्रिक्स प्राप्त करने तथा अपडेटेड ई0डी0एल0 का प्रदर्शन प्रतिदिन करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| **आई0ई0सी0:–** | | |
| परिसर में भ्रमण के दौरान कार्यक्रमों की विभिन्न आई0ई0सी0 उपलब्ध थी। किन्तु पर्याप्त नहीं थी। | निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त विभिन्न कार्यक्रमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 जनपद स्तर | प्रभारी चिकित्साधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| | से प्राप्त कर यथास्थान डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। | |
| पंजीकरण कक्ष के बाहर गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क पंजीकरण का डिस्प्ले नहीं था। | गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क पंजीकरण का डिस्प्ले करने व गर्भवती महिलाओं से पंजीकरण शुल्क न लिये जाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| **बायोमेडिकल वेस्ट–** | | |
| बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। उपस्थित स्टाफ को भी बेस्ट सेग्रीगेशन की जानकारी नहीं है। | बायोमेडिकल वेस्ट का सही प्रकार से प्रबन्धन करने व बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट पर सम्बन्धित समस्त स्टाफ का रिफ्रेशर प्रशिक्षण कराने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| **मातृत्व स्वास्थ्यः–** | | |
| प्रसव कक्ष में कैलिस पैड पन्चर था। डिजिटल क्लाक नहीं लगा था। | प्रसव कक्ष में मानकानुसार व्यवस्थायें उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ |
| रेफरल सिस्टम व्यवस्थित रूप से नहीं पाया गया। | रेफरल सिस्टम को सुदृढ़ किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। रेफरल इन व आउट के रिकार्ड रखने की जानकारी दी गई। | सम्बन्धित स्टाफ |
| मानकानुसार डिलेवरी रजिस्टर, रेफरल रजिस्टर, ए0एन0सी0 रजिस्टर नही भरा जा रहा था। | मानकानुसार डिलेवरी रजिस्टर, रेफरल रजिस्टर, ए0एन0सी0 रजिस्टर आदि भरे जाने का सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ |
| **बाल स्वास्थ्यः–** | | |
| टीका करण कक्ष के बाहर प्रचार–प्रसार सम्बन्धी प्रदर्शन पर्याप्त नहीं था। समस्त फ्रीज कार्य करते हुए पाये गये तथा उनमें वैक्सीन उपयुक्त प्रकार से रखी हुई पाई गई। लागबुक मेण्टेन थीं। | आई0ई0सी0 सामग्री को यथा स्थान पर प्रदर्षित किया जाये। | सम्बन्धित स्टाफ |
| **परिवार नियोजन–** | | |
| कण्डोम बाक्स नहीं लगा था। | कण्डोम बाक्स लगाने व प्रतिदिन भरने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन फालोअप के रिकार्ड सही प्रकार से मेण्टेन नहीं किये जा रहे हैं। प्रिण्टेड रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं था। | पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन फालोअप का वास्तविक तिथि का अंकन किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ |
| पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन हेतु लाभार्थियों को प्रदान की जाने वाली प्रोत्साहन/क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान नियमित रुप से नहीं हो रहा है। | सेवाप्रदाताओं व लाभार्थियों को प्रदान की जाने वाली प्रोत्साहन/क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान नियमित रुप से किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| **आर0बी0एस0के0** | | |
| आर0बी0एस0के0 टीमों द्वारा अभिलेखों को पूर्णरुप से नहीं भरा जा रहा है। लागबुक में यात्रा प्रारम्भ व समाप्त होने के दौरान के किमी अंकित नहीं थे, जबकि कुल दूरी अंकित थी। | आर0बी0एस0के0 टीमों द्वारा समस्त अभिलेखों को पूर्णरुप से भरने एवं लागबुक के समस्त कालम यात्रा के दौरान भरे होने के उपरान्त ही टीमों व प्रभारी द्वारा सत्यापित किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी व आर0बी0एस0के0 टीम |
| **आशा संगिनी व आशाओं के बैठक में भागीदारी** | | |
| आशाओं को समस्त योजनाओं की पर्याप्त जानकारी नहीं थी। आशाओं द्वारा अवगत कराया गया कि नई पहल किट के वितरण पर आशाओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि की उन्हें जानकारी भी नहीं है और न ही प्रोत्साहन राशि का आशाओं को भुगतान किया गया है। | मेडिकल आफिसर, बी0पी0एम0 व बी0सी0पी0एम0 द्वारा योजना बनाकर आशाओं को समस्त योजनाओं की जानकारी प्रदान करने का सुझाव दिया गया। आशाओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का प्रतिमाह भुगतान किये जाने का भी सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ |

संलग्नक–चेकलिस्ट।







जिला महिला चिकित्सालय – फतेहपुर सम्पर्क अधिकारी– डा0 रेखा रानी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका।

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| **चिकित्सालय परिसरः–** | | |
| परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। मई माह के विजिट में दिये गये सुझावों का अनुपालन नहीं हुआ था। | अधिकारियों द्वारा रोस्टर प्लान बनाकर नियमित मानीटरिंग करने का सुझाव दिया गया व भ्रमण में दिये गये सुझावों पर बिन्दुवार सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने का भी अनुरोध किया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, व हास्पिटल मैनेजर |
| परिसर के अन्दर शिकायत पेटिका लगी थी, किन्तु शिकायते नहीं पायी गयीं। शिकायत निवारण कमेटी का गठन रिकार्ड भी देखने को नही मिला। | शिकायत निवारण कमेटी का गठन व रिकार्ड मेण्टेन करने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, व हास्पिटल मैनेजर |
| हेल्पडेस्क की व्यवस्था थीं। किन्तु हेल्पडेस्क कक्ष में ए0एन0एम0 द्वारा कार्य किया जा रहा है। | हेल्पडेस्क की व्यवस्था मुख्य प्रवेश द्वार पर करने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |
| 5'5 मैट्रिक्स डिस्प्ले नहीं था। ई0डी0एल0 प्रदर्शन एल0ई0डी0 स्क्रीन के माध्यम से किया जा रहा है। | जनपद स्तर से 5'5 मैट्रिक्स प्राप्त करने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |
| **आई0ई0सी0:–** | | |
| परिसर में भ्रमण के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों की आई0ई0सी0 उपलब्ध थी। | अपडेटेड व विभिन्न कार्यक्रमों यथा जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, टीकाकरण, बाल स्वास्थ्य, परिवार नियोजन आदि की उपलब्ध सुविधाओं व सेवाप्रदाताओं का विवरण, फैमिली प्लानिंग इण्डेमनिटी स्कीम आदि का वाल पेन्टिंग के माध्यम से डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, |
| **मातृत्व स्वास्थ्य–** | | |
| लेबर रुम के बाहर रैक में चप्पले उपलब्ध थीं। परन्तु ड्यूटी स्टाफ व अन्य द्वारा अपने प्रयोग किये हुए जूते–चप्पलों में प्रसव कक्ष में जाना–आना किया जा रहा था। | लेबर रुम के प्रोटोकाल्स प्रतिदिन फालो करने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, |
| **परिवार नियोजन–** | | |
| कण्डोम बाक्स बहुत छोटे आकार का था व उसमें कण्डोम भी नहीं भरा गया था। | कण्डोम बाक्स नियमित रुप से भरने का सुझाव दिया गया। | फार्मासिस्ट |
| ए0एन0एम0 द्वारा आशा सप्लाई के गर्भनिरोधक का वितरण किया जा रहा था एवं वितरण सम्बन्धी रिकार्ड नहीं भरे जा रहे थे। | ए0एन0एम0 द्वारा निःशुल्क सप्लाई के गर्भनिरोधक का वितरण एवं वितरण सम्बन्धी रिकार्ड भरे जाने का सुझाव दिया गया। | ए0एन0एम0 |
| पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन रजिस्टर में लाभार्थियों का बैंक खाता संख्या व आधार नम्बर अंकित नहीं था। लाभार्थियों का फालोअप ड्यू डेट पर नहीं किया जा रहा है। ड्यू डेट से फालोअप रिकार्ड मैच नहीं कर रहे थे। फालोअप काफी कम हैं। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका को सुझाव दिया गया कि प्रत्येक माह सेवाप्रदातावार उपलब्धि समीक्षा करें। जिला फेमिली प्लानिंग स्पेशलिस्ट–टी0एस0यू0 को सुझाव दिया गया कि प्रत्येक विजिट के दौरान रिकार्ड का अवलोकन कर त्रुटियों को ठीक कराने में मदद करें। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका |
| **बाल स्वास्थ्य–** | | |
| एन.आर.सी.में संदर्भित मरीजों की संख्या काफी कम है। आशाओं का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। | आशाओं का अभिमुखीकरण कराते हुए अपेक्षित सहयोग प्राप्त कर लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने का सुझाव दिया गया। | अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (नोडल) |
| **बायोमेडिकल वेस्ट–** | | |
| चिकित्सालय में Colour Coded Bins की व्यवस्था की गयी थी। किन्तु बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट पर सम्बन्धित समस्त स्टाफ को पूर्ण जानकारी नहीं थी। | बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट पर सम्बन्धित समस्त स्टाफ का अभिमुखीकरण कराये जाने का सुझाव दिया गया। | हास्पिटल मैनेजर |
| डाईट रजिस्टर में जनपद से प्रेषित | डाईट रजिस्टर के खाली कालम को भरवाते हुए | सम्बन्धित स्टाफ |

| | | |
|---|---|---|
| समस्त कालम नहीं भरे जा रहे हैं। | चिकित्सा अधीक्षक से सत्यापित कराया गया। | |
| **आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन / पी0पी0आई0यू0सी0डी0 इन्सर्शन प्रशिक्षण का अवलोकन** | | |
| चिकित्सालय में आयोजित उपरोक्त विषयक प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता व प्रतिभागियों की सीख के सन्दर्भ में जानकारी प्राप्त किया गया। | गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने, प्रतिभागियों से इन्सर्शन कराने व प्रशिक्षण उपरान्त सेवायें प्रदान करने का सुझाव दिया गया व प्रशिक्षण अधिकारी को जनपदीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए बैच में योग्य प्रतिभागियों का चयन करने का भी सुझाव दिया गया। | प्रशिक्षक दल एवं प्रतिभागी |

**संलग्नक–चेकलिस्ट।**







**नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– राधानगर,** **सम्पर्क अधिकारी–** कोई स्टाफ उपलब्ध नहीं।

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| **चिकित्सालय परिसरः–** | | |
| परिसर समुदाय के मध्य नहर के किनारे स्थापित है। पूरे दिन बरसात होती रही। चिकित्सालय के सभी कक्ष व मुख्य द्वार बन्द थें। मकान मालिक से मुख्य द्वार खुलवाकर प्रवेश किया गया। कण्डोम बाक्स लगा था किन्तु उसमें कुछ पीस कण्डोम पैकेट से बाहर बेतरतीब तरीके से भरे गये थे व उनके रैपर भी फटे हुए थे। | वस्तु स्थिति से मुख्य चिकित्साधिकारी को अवगत कराते हुए प्रतिदिन निर्धारित समय पर चिकित्सालय खुलवाने व सेवायें प्रदान कराने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्साधिकारी |






**नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– जयराम का पुरवा** **सम्पर्क अधिकारी / कर्मचारी– श्री संदीप वर्मा, फार्मासिस्ट**

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| **चिकित्सालय परिसरः–** | | |
| परिसर पूर्व स्थान से स्थानान्तरण के उपरान्त स्कूल परिसर में स्थापित है। कोई कक्ष नहीं था। बड़े से हाल में एक मेज पर कुछ दवाईयॉ रखी गयी थीं। इलेक्ट्रिसिटी बैकअप व पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं थी। चिकित्सालय में मरीजों का आना–जाना नही के बराबर है। | पर्याप्त व्यवस्था किये जाने व मानकानुसार चिकित्सालय स्थापित कर अतिशीघ्र सेवायें प्रदान किये जाने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्साधिकारी |
| **आई0ई0सी0:–** | | |
| कुछ भी नही। | अपडेटेड आई0ई0सी0 डिस्प्ले करने व समुदाय के मध्य ब्यापक प्रचार–प्रसार किये जाने का सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ |

| | | |
|---|---|---|
| **ओ0पी0डी0–** | | |
| ओ0पी0डी0 में चिकित्सक मौजूद नहीं थे। स्टाफ के नाम पर सिर्फ फार्मासिस्ट व एक स्टाफनर्स (पुरुष) व एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपलब्ध थे। | मानकानुसार चिकित्सालय संचालित कराये जाने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्साधिकारी |
| **दवाईयॉ एवं अभिलेख–** | | |
| दवाईयॉ एवं अभिलेख गट्ठरों मे पैक रखे हुए थे। | मानकानुसार चिकित्सालय स्थापित कर अतिशीघ्र सेवायें प्रदान किये जाने का सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ |




**सामुदायिक गतिविधियॉ :** हरितालिका तीज के कारण बुधवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस सत्र का आयोजन जनपद स्तर से स्थगित कर दिया गया था, जिस वजह से सत्र का अवलोकन नहीं किया जा सका।

**जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई में ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धकों व डाटा आपरेटरों के साथ बैठक**

- अधीक्षक/प्रभारी कक्ष एवं ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धकों के कक्ष में एक नजर में (उपलब्धियॉ, स्टाफ विवरण प्रशिक्षण सहित), ब्लाक का विवरण व सूचकांको को अपडेट करते हुए डिस्प्ले करने का सुझाव दिया गया।
- योजनाओं पर चर्चा के दौरान संज्ञान में आया कि ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धकों को दिशा–निर्देशों का अच्छी प्रकार से अध्ययन करने की जरुरत है। डैप की बुक समस्त इकाईयों पर उपलब्ध होने सम्बन्धी सुझाव दिया गया।
- प्रतिदिन रोस्टर प्लान बनाकर चिकित्सालय परिसर में भ्रमण कर अभिलेखों आदि का अवलोकन कर कमियों/त्रुटियों को दूर करने का सुझाव दिया गया।
- क्षेत्र स्तरीय कार्यकर्ताओं का नियमित अभिमुखीकरण कर योजनाओं के बारे में पूर्ण जानकारी प्रदान करने का सुझाव दिया गया।
- स्वास्थ्य सूचकांको में गिरावट के कारणों को चिन्हित कर उपलब्धि बढ़ाये जाने का सुझाव दिया गया।
- दिशा निर्देशों का पालन करते हुए ससमय अधिकतम व्यय किया जाना तथा लेखांकन किये जाने का अनुरोध किया गया।
- प्रतिमाह समीक्षा बैठकें व आगामी माह की वित्तीय एवं भौतिक कार्ययोजना बनाये जाने का सुझाव दिया गया।
- डाटा वैलिडेशन कमेटी को सक्रिय करते हुए प्रतिमाह डाटा वैरिफिकेशन किये जाने का सुझाव दिया गया।




**मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में बैठक**

- भ्रमण के दौरान पायी गयी जनपद की यथास्थिति से मुख्य चिकिसाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया एवं कमियों को दूर किये जाने हेतु कहा गया।
- जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाईयों एवं प्रसव कक्ष को मानकानुसार तैयार किये जाने एवं समस्त आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु आग्रह किया गया।
- जे0एस0वाई0 की उपलब्धि में गिरावट के कारणों को चिन्हित कर उपलब्धि बढ़ाये जाने का सुझाव दिया गया।

- ए.एन.सी. रजिस्टर, प्रसव रजिस्टर, रेफरल रजिस्टर, जे0एस0वाई0 भुगतान आदि का इंचार्ज द्वारा नियमित अवलोकन कर त्रुटियों को ठीक कराया जाये। प्रसूताओं को डिस्चार्ज के समय जे0एस0वाई0 भुगतान प्रमाणपत्र प्रदान किया जाये।
- सभी स्टैण्डर्ड रजिस्टर के सभी कालम भरे जाने का सुझाव दिया गया।
- दिशा निर्देशों का पालन करते हुए ससमय अधिकतम व्यय किया जाना। रोजाना भुगतान तथा लेखांकन किये जाने का अनुरोध किया गया।



## वित्तीय आख्या

भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी आपरेशनल गाइडलाइन्स फार फाइनेन्सियल मैनेजमेन्ट में वर्णित लेखा पुस्तकों का रख–रखाव अनिवार्य कर दिया गया है। आपरेशनल गाइडलाइन्स फार फाइनेन्सियल मैनेजमेन्ट में वर्णित लेखा पुस्तकों को संज्ञान में रखते हुए **जिला स्वास्थ्य समिति जनपद फ़तेहपुर, जनपदीय महिला चिकित्सालय , प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (बिठौरा)** एवं **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ( हुसैनगंज )** के लेखा–अभिलेखों का (आंतरिक नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए) अवलोकन किया गया। लेखा अभिलेख उल्लेखनीय है कि आपरेशनल गाइडलाइन्स फार फाइनेन्सियल मैनेजमेन्ट के अनुसार लेखा पुस्तकों, लेखांकन, लेखा अभिलेख का रख–रखाव इत्यादि का पालन किया जाना अनिवार्य किया गया है तथा गाइड लाइन्स के अनुसार ही लेखा पुस्तकों को तैयार किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उपलब्ध कराये गये अभिलेखों के अवलोकन से आख्या निम्नवत है–

### वित्तीय वर्ष 2019–20

### 1. जिला स्वास्थ्य समिति जनपद फ़तेहपुर का लेखा अभिलेखों का बिंदुवार आख्या निम्नवत् है:–

| क्रम संख्या | अवलोकन बिन्दु | सुझाव/कार्यवाही जो की जानी है। | जिम्मेदार व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला स्वास्थ्य समिति फतेहपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 का मैनुअल कैश बुक अभी तक नही बनाया गया है। | कैश बुक प्रतिदिन लिखकर मुख्य चिकित्साधिकारी से हस्ताक्षरित करायी जानी चाहिए। | मुख्य चिकित्साधिकारी /अपर मुख्यचिकित्साधिकारी /जिला लेखा प्रबन्धक/लेखा लिपिक एन0एच0एम0 |
| 2 | जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 के जुलाई माह तक बैंक समाधान विवरण नही बनाया गया है। | प्रति माह बैंक समाधान विवरण तैयार किया जाना चाहिए। | जिला लेखा प्रबन्धक/लेखा लिपिक एन0एच0एम0 |
| 3 | जिला लेखा प्रबन्धक द्वारा टैली में वित्तीय वर्ष 2019–20 का प्रारम्भिक शेष नही दिखाया गया है जिसके परिणाम स्वरूप जनपद का फण्ड पोजीशन ज्ञात नही हो पाया है। | टैली में प्रारम्भिक शेष डालकर प्रतिमाह फण्ड पोजीशन निकालकर मुख्य चिकित्याधिकारी से हस्ताक्षरित कराकर भविष्य के सुरक्षित रखा जाना चाहिए। | जिला लेखा प्रबन्धक/लेखा लिपिक एन0एच0एम0 |
| 4 | जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 | ब्लाकवार/कार्यक्रमवार | लेखा लिपिक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | का ब्लाकवार बजट जो 2019–20 में निर्गत किया जाना है का सूचना उपलब्ध नही करायी गयी जिससे ब्लाकवार बजट की स्थिति ज्ञात नही हो पायी। | /एफ0एम0आर0 कोडवार बजट फांट जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन कराकर अनुमोदित बजट फांट के अनुसार सी0एच0सी0/पी0एच0सी0 को धन आवंटित किया जाना चाहिए। | एन0एच0एम0 /जिला लेखा प्रबन्धक/अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी |
| 5 | राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जो भुगतान किये जा रहे है जिला लेखा प्रबन्धक के माध्यम से अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी के समक्ष पत्रावली प्रस्तुत नही की जा रही हैं। | मिशन निदेशक राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई लखनऊ के निर्देशानुसार पत्रावली लेखा लिपिक द्वारा जिला लेखा प्रबन्धक के माध्यम से अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी के समक्ष पत्रावली प्रस्तुत की जानी चाहिए। | लेखा लिपिक एन0एच0एम0 /अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी |
| 6 | जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा जुलाई माह तक समस्त संविदा कर्मियों का भुगतान किया गया है। संविदा कर्मियों का अवकाश के सन्दर्भ में किसी प्रकार का विवरण नही रखा गया है। | संविदा कर्मियों को मिलने वाले आकास्मिक अवकाश/चिकित्सा अवकाश /मात्तृव अवकाश का अभिलेख जनपद स्तर पर रखा जाना चाहिए। | लेखा लिपिक एन0एच0एम0 /अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी |
| 7 | जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा पी0एफ0एम0एस0 निर्गत पंजीका निर्धारित प्रारूप पर नही पायी गयी। | वित्त अनुभाग राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई द्वारा उपलब्ध कराये गये पंजीका बनायी जानी चाहिए। | लेखा लिपिक एन0एच0एम0 /अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी |
| 8 | सी0एच0सी0/पी0एच0सी0/अन्य को देय का अग्रिम रजिस्टर नही बनाया गया है। | एडवांस रजिस्टर शीघ्र अतिशीघ्र बनाना सुनिश्चित करे। | लेखा लिपिक /जिला लेखा प्रबन्धक एन0एच0एम0 |
| 9 | ग्रान्ट रजिस्टर नही बनाया गया है। | ग्रान्ट रजिस्टर शीघ्र बनाया जाना चाहिए। | लेखा लिपिक /जिला लेखा प्रबन्धक एन0एच0एम0 |
| 10 | जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा माह जुलाई तक कुल स्वीकृत धनराशि रू0 6389.12 लाख के सापेक्ष रू0 1226.43 लाख का व्यय किया गया है जो मात्र 19.20 प्रतिशत है। जिसकी मदवार गहन समीक्षा की गयी जिसके बाद पाया गया कि जनपद द्वारा 200 से अधिक मद जिन पर शून्य व्यय दिर्शाया गया है जिसका विस्तृत विवरण जनपद को उपलब्ध करा दिया गया है। | जनपद द्वारा ब्लाक लेखा प्रबन्धको की सप्ताहिक बैठक कर व्ययों की मदवार समीक्षा की जानी चाहिए क्यों जनपद द्वारा कम व्यय किया जा रहा है। | लेखा लिपिक एन0एच0एम0 /जिला लेखा प्रबन्धक/अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी |
| 11 | जनपद द्वारा कोटेशन एवं टेण्डर से सम्बन्धित पत्रावलियां निरीक्षण के लिए उपलब्ध नही करायी गयी है। | निरीक्षण के समय उपलब्ध कराया जाना चाहिए। | लेखा लिपिक एन0एच0एम0 /जिला लेखा प्रबन्धक/अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी |
| 12 | पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल से भुगतान हेतु राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई द्वारा पी0एफ0एम0एस0 द्वारा भुगतान हेतु चेकर, मेकर, एडमीन से सम्बन्धित विस्तृत दिशा–निर्देश उपलब्ध कराये गये है। जिसका अनुपालन जनपद द्वारा नही किया जा रहा है। | आन्तरिक नियन्त्रण हेतु राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई द्वारा उपलब्ध कराये गये दिशा–निर्देश अनुसार पी0एफ0एम0एस0 द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए। | लेखा लिपिक एन0एच0एम0/जिला लेखा प्रबन्धक/अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी |

## 2. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ( बिठौरा ) के लेखा अभिलेखों का बिंदुवार आख्या निम्नवत है:–

वित्तीय वर्ष 2019–20

| कम संख्या | अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कार्यवाही जो की जानी है। | जिम्मेदार व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | ब्लाक लेखा प्रबन्धक द्वारा माह जून तक मैनुअल कैशबुक बनाया गया है। | प्रतिदिन लिखकर प्रभारी चिकित्साधिकारी से हस्ताक्षरित करायी जानी चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 2 | ब्लाक लेखा प्रबन्धक द्वारा कार्यक्रम अनुसार प्रारम्भिक शेष टैली में नही डाला गया है। | टैली में कार्यक्रम अनुसार प्रारम्भिक शेष ड्राला जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 3 | ब्लाक लेखा प्रबन्धक द्वारा टैली में ग्रान्ट का लेखा नही किया गया था जिसके कारण सही फण्ड पोजीशन ज्ञात नही हो पा रही थी। | ग्रान्ट प्राप्ति का लेखा तत्काल किया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 4 | कैशबुक में प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित नही किया गया था। | प्रतिदिन हस्ताक्षरित करायी जानी चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 5 | पी0एफ0एम0एस0 निर्गत पंजीका निर्धारित प्रारूप नही पायी गयी। | पी0एफ0एम0एस0 निर्धारित प्रारूप बनायी जानी चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 6 | भुगतान किये गये वाउचर पर द्वितीय हस्ताक्षरी के हस्ताक्षर नही पाये गये। | द्वितीय हस्ताक्षरी के भी वाउचर पर हस्ताक्षर होना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 7 | पी0एफ0एम0एस0 निर्गत करने का अनुमोदन पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर अपलोड नही की जा रही है। | राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के निर्देशानुसार अपलोड किया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 8 | आशा भुगतान डी0बी0टी0 माडयूल से न कर expenditure माडयूल से किया जा रहा है। जिसके कारण डी0बी0टी0 की रिपोर्ट सही परिलक्षित नही हो रही है। | भुगतान डी0बी0टी0 माड्यूल से किया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / बी0सी0पी0एम0 / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 9 | आशा भुगतान रजिस्टर नही बनाया गया है। | आशा भुगतान रजिस्टर बनाया जाना चाहिए। | बी0सी0पी0एम0 / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 10 | आशा वाउचर निरीक्षण के लिये उपलब्ध नही कराया गया है। | निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 11 | जेनरेटर लॉगबुक उपलब्ध नही कराया गया। | लॉग बुक बनाया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 12 | वित्तीय वर्ष 2018–19 में आर0आई0 कार्यक्रम के अन्तर्गत ओम प्रकाश तिवारी एवं शिव प्रकाश तिवारी को कुल रू0 354800.00 का भुगतान किया गया है। जिसका टेण्डर /कोटेशन पत्रावली नही दिखायी | बिना कोटेशन टेण्डर भुगतान नही किया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | गयी है। वित्तीय वर्ष 2019–20 में भी बिना कोटेशन / टेण्डर के ओम प्रकाश तिवारी एवं शिव प्रकाश तिवारी को भुगतान किया जा रहा है। | | |
| 13 | रोगी कल्याण समिति के वाउचर्स रोकड़ बही कार्यवाही रजिस्टर स्टॉक रजिस्टर निरीक्षण के लिये उपलब्ध नही कराया गया है। | उपलब्ध कराया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 14 | निरीक्षण के दौरान डाईट रजिस्टर नही उपलब्ध कराया गया । | डाईट रजिस्टर उपलब्ध कराया जाना चाहिए था। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| 15 | अंटाइड फण्ड के अन्तर्गत दिये गये अग्रिम रजिस्टर नहीं बनाया गया है। | एडवांस रजिस्टर शीघ्र अतिशीघ्र बनाना सुनिश्चित करे । | ब्लॉक लेखा प्रबंधक |
| 16 | ब्लॉक हेल्थ एक्शेन प्लान की हस्ताक्षरित हार्ड उपलब्ध नही करायी गयी। | ब्लॉक हेल्थ एक्शेन प्लान के अनुमोदित बजट अनुसार भुगतान किये जाने चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक / प्रभारी चिकित्साधिकारी |

**3. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र :–( हुसैनगंज ) का लेखा अभिलेखों का बिंदुवार आख्या निम्नवत है:–**

| कम संख्या | अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कार्यवाही जो की जानी है। | जिम्मेदार व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | ब्लॉक लेखा प्रबंधक द्वारा किसी भी माह का बैंक समाधान विवरण नहीं बनाया गया है। | प्रति माह बैंक समाधान विवरण बनाया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / अधीक्षक |
| 2 | निरीक्षण के दौरान जनरेटर की लॉग बुक उपलब्ध नही करायी गयी। | जनरेटर की लॉग बुक प्रतिदिन पूर्ण कर एवं सम्बंधित अधिकारी से हस्ताक्षरित कराकर प्रस्तुत की जानी चाहिए। | |
| 3 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के ब्लॉक लेखा प्रबन्धक द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 तक रोगी कल्याण समिति का कैश बुक, वाउचर, कार्यवाही रजिस्टर, स्टॉकबुक निरीक्षण के लिये उपलब्ध नही करायी गयी । | निरीक्षण के समय उपलब्ध कराया जाना चाहिए। | ब्लॉक लेखा प्रबंधक / अधीक्षक |

**4. जिला महिला चिकित्सालय (फतेहपुर) का लेखा अभिलेखों का बिंदुवार आख्या निम्नवत है:–**

| कम संख्या | अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कार्यवाही जो की जानी है | जिम्मेदार व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला महिला चिकित्सालय द्वारा दिसम्बर 2018 तक की रोकड़ बही बनायी गयी है। तदोपरान्त रोकड़ बही अधोतान्त नही है। | प्रतिदिन लिखकर प्रभारी अधीक्षक से हस्ताक्षरित करायी जानी चाहिए। | सी०एम०एस० / अकाउंटेंट |
| 2 | पी0एफ0एम0एस0 रजिस्टर का सत्यापन सम्बन्धित अधिकारियों से नहीं कराया जा रहा है। न ही निर्धारित प्रारूप पर बनाया गया है। | पी0एफ0एम0एस0 रजिस्टर का सत्यापन सम्बन्धित अधिकारियों से शीघ्र अतिशीघ्र कराया जाए | |
| 3 | अकाउंटेंट द्वारा किसी भी माह का बैंक समाधान विवरण नही बनाया गया है। | प्रति माह बैंक समाधान स्टेटमेंट बनाया जाना चाहिए। | |
| 4 | जिला महिला चिकित्सालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 तक रोगी कल्याण समिति का कैश बुक, वाउचर , कार्यवाही रजिस्टर , स्टॉकबुक निरीक्षण के लिये उपलब्ध नही करायी गयी । | उपलब्ध कराया जाना चाहिए। | |
| 5 | जिला चिकित्यालय द्वारा टेण्डर / कोटेशन की पत्रावलियां निरीक्षण के लिये उपलब्ध नही करायी गयी | उपलब्ध कराया जाना चाहिए। | |
| 6 | पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल से देखने पर ज्ञात हुआ कि मैसर्स ऑल सर्विसेस ग्लोबल प्रा.लि0, एस0के0 टेडर्स, मेडिकल पोलीशन कन्ट्रोल कमेटी जीट सिक्यूरिटी सर्विसेस, गोपाल सर्विसेस को वित्तीय वर्ष 2018–19 में रू0 1 लाख से अधिक का भुगतान किया गया है। जिसके सम्बन्ध में कोटेशन / टेण्डर की पत्रावलियां निरीक्षण के लिये उपलब्ध नही करायी गयी हैं। | वित्तीय नियमों एवं गाइडलाइनों का पालन करते हुए टेण्डर / कोटेशन प्रतिकिया के अन्तर्गत भुगतना किया जाना चाहिए। | |

वित्तीय वर्ष 2019–20 के 4.5 माह व्यतीत होने के पश्चात् भी जनपद स्तर पर कैश बुक एवं बैंक समाधान विवरण नही बनाया जाना, जनपद पर उपलब्ध बजट का इकाईवार/कार्यक्रमवार विवरण व अधीनस्थ इकाई को वित्तीय वर्ष 2019–20 का कार्यक्रमवार स्वीकृत ,उपलब्ध बजट उपलब्ध न कराना कार्य की प्रति उदाशीनता का द्योतक है, जोकि आंतरिक नियन्त्रण की व्यवस्था को शिथिल करता है, जिससे वित्तीय अनियमितता होने की सम्भावना बढ़ जाती है। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा सम्बन्धित से उपरोक्त के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाना चाहिए।

उपरोक्त कमियों एवं कमियों पर सुधार हेतु जिला कार्यक्रम, मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के अधिकारियों, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी,के समक्ष की गयी तथा आपरेशनल गाइडलाइन्स फॉर फाइनेन्शियल मैन्युल में दिये गये निर्देशों के अनुसार लेखाभिलेखों को तैयार कराये जाने तथा मैनुअल का जनपद एवं अधिनस्थ इकाईयों द्वारा पूर्णतः पालन किये जाने पर जोर दिया गया।

| | | |
|---|---|---|
| AKSrivastava | 29.08.19 | 29.08.19 |
| अखिलेश कुमार श्रीवास्तव | आर0बी0छेत्री | सत्येन्द |
| कार्यक्रम समन्वयक, परिवार नियोजन | मैनेजर, वित्त | परामर्शदाता, मातृ स्वास्थ्य |

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा मे,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद– फतेहपुर, उत्तर प्रदेश।

पत्र संख्या :एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम्म. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 19–20 / दिनांक : 04 09.2019

विषय : राज्य स्तरीय भ्रमण दल द्वारा अगस्त 2019 में किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने व कृत कार्यवाही से अवगत कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा दिनांक 19 से 21 अगस्त 2019 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया था।

भ्रमण दल द्वारा चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही सेवाओं में सुधार लाने हेतु सुझाव सम्बंधित इकाईयों के प्रभारियों तथा जनपदीय टीम को दिये गये। (विवरण संलग्न)

कृपया भ्रमण दल द्वारा इंगित कमियों को एवं दिये गये सुझावों के सम्बंध में कृत कार्यवाही से शीघ्र ही अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–भ्रमण आख्या।

भवदीया

(थमीम अंसरिया ए)
अपर मिशन निदेशक

पत्र संख्या :एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 19–20 / 4870-7 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महानिदेशक प0क0, उ0प्र0, लखनऊ।
2. मण्डलायुक्त, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज ।
3. जिला अधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, फतेहपुर।
4. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रयागराज मण्डल।
5. समस्त महाप्रबन्धक / उप महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
6. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
7. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, फतेहपुर।

(डा0 वेदप्रकाश)
मण्डलीय नोडल –फतेहपुर
महाप्रबन्धक
आर0आई0 एवं बाल स्वास्थ्य